कालेर गैंग से पेपर खरीदकर भाभी को नकल कराने वाला गिरफ्तार

महिला सुपरवाइजर भर्ती पेपर लीक मामले में एसओजी की कार्रवाई

आरोपी मनीराम सारण

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। महिला सुपरवाइजर (महिला अधिकारिता) सीधी भर्ती परीक्षा-2018 के पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने तुलछाराम कालेर गैंग से पांच लाख रुपए में पेपर खरीदने वाले आरोपी मनीराम सारण (38) को गिरफ्तार किया है। चूरू के सांडवा थाना क्षेत्र स्थित कातर बड़ी गांव निवासी मनीराम ने कथित तौर पर लीक पेपर खरीदकर अपनी भाभी को ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए परीक्षा में नकल करवाई थी। आरोपी से पेपर लीक नेटवर्क और अन्य लाभार्थी अभ्यर्थियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल के अनुसार 6 जनवरी 2019 को आयोजित महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र बीकानेर के श्री रामसहाय आदर्श सेकंडरी स्कूल से लीक हुआ था।

जांच के अनुसार गिरोह के सरगना तुलछाराम कालेर, पौरव कालेर तथा गिरोह के सदस्य राजू मैट्रिक्स और दिनेश सिंह चौहान ने मिलकर पेपर लीक किया था। लीक प्रश्नपत्र को गिरोह के सदस्यों ने हल किया और ब्लूटूथ डिवाइस के जरिए अभ्यर्थियों को उत्तर बोलकर नकल कराई गई।

जांच में सामने आया कि पेपर लीक में तुलछाराम कालेर गैंग के साथ जगदीश बिश्नोई गैंग की भी संलिप्तता रही। दोनों गैंग के सदस्यों ने अपने रिश्तेदारों और अन्य अभ्यर्थियों को लीक पेपर उपलब्ध कराया तथा ब्लूटूथ के जरिए परीक्षा में नकल कराई।

इस संबंध में एसओजी थाना जयपुर में प्रकरण दर्ज है। मनीराम को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पेपर लीक नेटवर्क और इससे लाभ लेने वाले अन्य अभ्यर्थियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। एसओजी के अनुसार मामले में अब तक 13 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें पेपर लीक गिरोह के सात सदस्य और नकल के जरिए परीक्षा देने वाली छह महिला अभ्यर्थी शामिल हैं।

शादी से मना किया तो युवती के सीने में गोली दागी

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही युवती घायल

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। सांगानेर सदर थाना इलाके में शादी से इनकार करने पर एक युवक ने अपनी रिश्तेदार 23 वर्षीय युवती को गोली मार दी। गोली सीने में लगने से युवती गंभीर घायल हो गई। उसे स्थानीय लोगों ने महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

थानाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि घटना बुधवार रात सीतापुरा क्षेत्र में चतराला सर्किल के पास स्थित किराए के फ्लैट में हुई। भरतपुर के सेवर थाना क्षेत्र की रहने वाली कनक शाक्या अपनी मां राधारानी के साथ फ्लैट में रहती है और पिछले करीब तीन महीने से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है।

- **स्थानीय लोगों ने युवती को महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।**

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपी आकाश पुत्र रामभरोसी निवासी नांगल दरवेशा, बसेड़ी, धौलपुर पीड़िता का रिश्तेदार है और उसकी चचेरी बहन का देवर है। आरोप है कि आकाश पिछले करीब एक वर्ष से कनक पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। युवती के इनकार करने पर दोनों के बीच विवाद चल रहा था।

पुलिस के अनुसार आरोपी बुधवार रात बाइक से हेलमेट लगाकर फ्लैट पर पहुंचा और युवती को गोली मारकर फरार हो गया। गोली सीने में लगी। सूचना पर सांगानेर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।थानाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग और शादी के लिए दबाव बनाने से जुड़ा सामने आया है। करीब 15 दिन पहले युवती की मां आरोपी के घर गई थीं। वहां परिवार की ओर से आश्वासन दिया गया था कि आकाश भविष्य में युवती को परेशान नहीं करेगा और शादी के लिए दबाव नहीं बनाएगा।

125 किलो मिलावटी मिल्क केक पकड़ा

जयपुर । त्योहारी सीजन में मिलावट रोकने के लिए चलाए जा रहे 'शुद्ध आहार-मिलावट पर वार' अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार को बस्सी में कार्रवाई करते हुए करीब 125 किलो मिलावटी मिल्क केक नष्ट कराया। कार्रवाई अतिरिक्त मुख्य सचिव गायत्री राठौड़ और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त अविचल चतुर्वेदी के निर्देश पर की गई।

सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि खाद्य सुरक्षा टीम ने बस्सी मुख्य बाजार में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। तुंगा रोड स्थित शर्मा मिष्ठान भंडार पर अलवर से 180 रुपए किलो की दर से मंगाए गए मिल्क केक की जांच की गई।

तीन कार्टन में 60 पैकेटों में रखे करीब 125 किलो मिल्क केक को मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसे काटकर काउंटर पर 360 रुपए किलो की दर से बेचा जा रहा था। नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई होगी।

टीम ने श्री अम्बे जोधपुर मिष्ठान भंडार से मिल्क केक का एक नमूना लिया। वहीं लाल जी जोधपुर मिष्ठान भंडार से मिल्क केक, मावा बर्फी और गुलाब जामुन के नमूने जांच के लिए लिए गए। टीम ने अन्य मिठाई दुकानों का भी निरीक्षण किया और खाद्य सामग्री में फूड कलर का कम से कम इस्तेमाल करने, साफ-सफाई रखने, खाद्य सामग्री ढककर रखने तथा अच्छी गुणवत्ता का मावा इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, राजेश नागर और रिमिका माथुर शामिल रहे।

'डोटासरा 40 चोरों वाली गैंग में शामिल'

जयपुर । शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा अधिकारियों को धमकी देने वाले बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि डोटासरा इस मुगालते में है कि कांग्रेस कभी सत्ता में वापस आएगी, लेकिन उन्हें मुंगेरीलाल की तरह हसीन सपने देखना बंद करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार सफलता के शिखर को छू रही है। ये सरकार हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रही है। यमुना जल परियोजना, राम जल सेतु योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से पानी लाते हुए किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम कर रही है। पचपदरा रिफाइनरी से कितना लाभ होगा, यह राजस्थान की जनता जानती है। दिलावर ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को अधिकारियों को धमकाना बंद करना चाहिए और हद में रहना चाहिए। सब जानते हैं कि डोटासरा की गैंग, अलीबाबा 40 चोरों वाली गैंग है। इस गैंग के कई लोग जेल में है तो कई बेल पर। कुछ ओर लोग जेल जाने वाले हैं, जिसमें डोटासरा भी शामिल हैं।

निम्स यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में छात्र फंदे से लटका मिला

जयपुर। जयपुर ग्रामीण जिले के चंदवाजी इलाके में निम्स यूनिवर्सिटी के 20 वर्षीय छात्र का शव बुधवार रात निजी हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना का पता कमरे से बदबू आने के बाद चला। पुलिस ने कमरे का दरवाजा खुलवाकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए निम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस के अनुसार मृतक मोहित सैनी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के लोटेसर का रहने वाला था और सीपीटी सेकेंड ईयर में पढ़ रहा था। वह यूनिवर्सिटी के सामने स्थित सनराइज हॉस्टल में रहता था। बुधवार रात करीब 11 बजे हॉस्टल के अन्य छात्रों को उसके कमरे से बदबू आने पर संदेह हुआ। सूचना पर चंदवाजी पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे को खुलवाया।

थानाधिकारी राजबीर सिंह ने बताया कि शव की स्थिति को देखते हुए आशंका है कि छात्र ने एक-दो दिन पहले आत्महत्या की होगी। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चलेगा। पुलिस ने मोहित के साथियों से घटना के संबंध में जानकारी ली है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार कमरे से मिले मोबाइल फोन और अन्य सामान की जांच की जा रही है। साथ ही हॉस्टल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। छात्र के परिजनों को घटना की जानकारी बुधवार रात ही दे दी गई थी।

गौरतलब है कि निम्स यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में एक दिन पहले मंगलवार को भी एक बीटेक छात्र ने हॉस्टल की 15वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। लगातार दो दिनों में छात्रों की मौत की घटनाओं से हॉस्टल और यूनिवर्सिटी परिसर में चिंता का माहौल है।

थल सेना अध्यक्ष से डीजीपी राजीव कुमार शर्मा मिले

जयपुर (कासं)। भारतीय थल सेना अध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने गुरुवार को जयपुर प्रवास के दौरान महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा से उनके निवास पर मुलाकात की। डीजीपी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सेना अध्यक्ष का स्वागत किया और राजस्थान पुलिस की विभिन्न इकाइयों के प्रतीक चिह्नों से युक्त स्मृति चिह्न भेंट किया। जनरल सेठ ने भी डीजीपी को सैन्य स्मृति चिह्न भेंट किया। दोनों अधिकारियों के बीच राजस्थान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान और संवेदनशील परिस्थितियों में सेना एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

- **अंतरराष्ट्रीय सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और सैन्य-पुलिस समन्वय पर हुई चर्चा**

सुरक्षा चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आपसी संवाद, संयुक्त क्षेत्रीय निगरानी तंत्र और खुफिया सूचनाओं के नियमित आदान-प्रदान को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। प्राकृतिक आपदा की स्थिति में राज्य आपदा प्रतिसाद बल के साथ सेना के सहयोग पर भी चर्चा हुई।

हाल ही में आयोजित सेना भर्ती के निर्बाध संचालन में राजस्थान पुलिस के सहयोग को भी सैन्य एवं नागरिक प्रशासन के बेहतर समन्वय का उदाहरण बताया गया। दोनों अधिकारियों ने प्रशिक्षण और क्षमता संवर्द्धन के क्षेत्र में भविष्य में बेहतर तालमेल कायम करने पर सहमति जताई।

मुख्यमंत्री से थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ मिले

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरुवार को थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम ने मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात की। इस दौरान अन्य सैन्य अधिकारी एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।